भारत सरकार
मत्स्यपालन,पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3613
दिनांक 10 अगस्त, 2021 के लिए प्रश्न

मछली उतारने की सुविधा

3613. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि पुदुचेरी में मूर्तिकुप्पम, पुदुकुप्पम नामक मछली पकड़ने वाले गांवों में मछली उतारने की सुविधा 2009 से लंबित है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): पुदुचेरी में मूर्तिकुप्पम, पुदुकुप्पम मत्स्ययन गांव में मछली उत्तराई सुविधाओं का निर्माण पुदुचेरी सरकार की एक निधि प्राप्त परियोजना है। पुदुचेरी सरकार ने सूचित किया है कि वर्ष 2009 के दौरान कुल 10.99 करोड़ रूपये की लागत से मूर्तिकुप्पम, पुदुकुप्पम गांव में मछली उतराई सुविधाओं का निर्माण कार्य जिसमें पाइल्ड जेट्टी का निर्माण, उत्तर और दक्षिण की तरफ समुद्र में प्रोजेक्टिंग प्रशिक्षण दीवार, स्टोन रिवेटमेंट, रिटेनिंग वॉल और ड्राजिंग कार्य पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार से अनापत्ति प्राप्त करने के पश्चात पुदुचेरी लोक निर्माण विभाग (पी.डबल्यू.डी) को सौंपा गया था यह भी सूचित किया गया है कि उपर्युक्त कार्यों में से पाइल्डे जेट्टी का निर्माण कार्य पुदुचेरी लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है तथा शेष कार्यों को रोक दिया गया है और पांडिचेरी तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार स्थगित कर दिया गया। पुदुचेरी सरकार ने यह भी सूचित किया है कि अब उन्होंने शेष कार्यों को पुन: शुरू करने का निर्णय लिया है और इस प्रयोजन के लिए संघ राज्य क्षेत्र सरकार केन्द्रीय तटीय मात्स्यिकी इंजीरियरी संस्थान, बैंगलोर की तकनीकी सहायता से आवश्यक तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टी.ई.एफ.आर) तैयार करने की प्रक्रिया में है।

*****